हमारे सुरक्षा कर्मी हर परिस्थिति के लिए तैयार रहे, इस दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के लिए बेसिक सुरक्षा प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। वेकोलि का सुरक्षा विभाग, अब एक पंजीकृत CIVIL DEFENCE UNIT है। जल्द ही वेकोलि पहला सरकारी उपक्रम होगा जिसका अपना WEAPON FIRING SIMULATOR एवं CYBER SECURITY CELL होगा। सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दृष्टि से साइबर सिक्यूरिटी को SEHAT CELL के साथ जोड़ दिया गया है। हाल ही में माननीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी द्वारा COAL SHAcTE DAL का उद्घाटन किया गया। यह दल हमारी खदानों में निरंतर पेट्रोलिंग कर उन्हें सुरक्षित रखने में उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

CSR कार्यों के माध्यम से जन सामान्य तक लाभ पहुँचाने का हमारा प्रयास होता है। CSR के मद में Project TARASH, Project SUSHRUTA, Project PRAGATI जैसी जन-हितकारी परियोजनाओं का क्रियान्वयन सुचारु रूप से किया जा रहा है। हाल ही में Project TARASH का 40 विद्यार्थियों का द्वितीय बैच प्रारंभ हुआ है। Project SUSHRUTA के अंतर्गत 15 से 35 वर्ष आयु के नागरिकों की Sickle Cell एवं Thalassemia के लिए स्क्रीनिंग कर उचित परामर्श दिया जा रहा है। Project PRAGATI के अंतर्गत 545 ग्रामीण युवाओं को CIPET, ATDC एवं FDDI में रोजगारोन्मुख कौशल विकसित करने हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। गडचिरोली जिले में छोटे बच्चों और माताओं को पूर्ण पोषण उपलब्ध कराने की दृष्टि से 'Project Poshit' आरंभ किया गया है। इसी प्रकार 100 वंचित बच्चे, जो हार्ट सर्जरी का महँगा इलाज नहीं ले सकते, उनके लिए यह सर्जरी बिलकुल मुफ्त कराई जाएगी। इस कार्य के लिए वेकोलि ने 'प्रोजेक्ट नन्हा सा दिल' आरंभ किया है। ऐसी कई परियोजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। यह सारी योजनाएँ अबाधित जारी रहे इस उद्देश्य से हमने वर्ष 2024-25 के सीएसआर बजट को गत वित्तीय वर्ष से चार गुणा बढ़ाकर 50.68 करोड़ रूपए किया है।

इस अवसर पर मुझे आप सबके साथ यह साझा करते हुए गर्व महसूस होता है कि, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां और ख्याति प्राप्त करते हुए टीम वेकोलि ने संचार के क्षेत्र में भी 'WCL संवाद' तथा 'WCL दीप ज्योति' जैसे अभिनव उपक्रमों के माध्यम से ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। संचार के क्षेत्र में चलाए जा रहे इन उपक्रमों के माध्यम से, हम अपने हितधारकों से सीधे जुड़ने तथा कोयला उद्योग की उपलब्धियों को विश्व पटल पर सामने लाने में सक्षम हुए हैं। इस विशिष्ठ उपलब्धि के लिए, वेकोलि की जनसंपर्क टीम विशेष बधाई की पात्र है।

वेकोलि में इतना सकारात्मक कार्य हुआ है कि उसे एक संबोधन में बताना संभव नहीं। इन कार्यों का प्रभाव लक्ष्य प्राप्ति के रूप में हम सब को नजर आएगा। लक्ष्य जितना भी बड़ा हो, हमने हमेशा मेहनत और लगन से उसे हासिल किया है। यही तो वेकोलि की कार्य-संस्कृति है।

मैं, सभी खनिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संघ के पदाधिकारी गण, कंपनी के निदेशक गण, CVO और अन्य अंशधारक, जो वेकोलि को सफलता के शिखर पर ले जाने में अपना योगदान दे रहे हैं, सभी को धन्यवाद देता हूँ और आह्वान करता हूँ कि आप हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोयला उत्पादन, कोयला प्रेषण तथा ओबी निष्कासन के लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त करेंगे।

जय हिन्द !

आपका

श्री जय प्रकाश द्विवेदी
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

नागपुर
26 जनवरी, 2025

# गणतंत्र दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री जय प्रकाश द्विवेदी
## का
## संदेश

## 26 जनवरी, 2025

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



# गणतंत्र दिवस के अवसर पर

# अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशकगण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्यगण, समस्त विभागाध्यक्ष, WCL के अंशधारक, Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं, सज्जनवृंद और प्यारे बच्चों!

76 वें गणतंत्र दिवस की, आप सब को, हार्दिक शुभकामनाएँ।

26 जनवरी, 1950 - एक ऐतिहासिक दिवस - हमारे देश ने लिखित संविधान को अपनाया और गणतांत्रिक देश के रूप में शुरू हुआ भारत का सफ़र। अंग्रेजी हुकूमत के दौरान डगमगाई अर्थव्यवस्था को सँभालने से शुरू हुआ यह सफ़र आज अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है। शिक्षा, कृषि, विज्ञान, कोयला, न्याय प्रणाली, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति उल्लेखनीय है। हरित क्रांति, श्वेत क्रांति, सूचना प्रौद्योगिकी में भारत की सफलता, भारत के प्रगति की दास्ताँ बयां करते है। आज हमारा भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह लक्ष्य भी बहुत दूर नहीं लगता। यही तो हमारे गणतांत्रिक व्यवस्था की सफलता है, जो अटूट विश्वास के रूप में हर भारतीय के व्यक्तित्व में स्पष्ट झलकती है।

राष्ट्र की तेजी से हो रही प्रगति के साथ ही उर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है। देश की 55% उर्जा कोयले पर आधारित है। अतः वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड पर बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे आपसे साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारा अब तक का कोयला उत्पादन, स्थापना से अब तक के किसी भी वित्तीय वर्ष में इस अवधि के लिए, सर्वाधिक है। हमने दिनांक 23.01.2025 तक कुल 50.70 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो कि गत वर्ष से 2.2% अधिक है। इसी प्रकार कोयला प्रेषण एवं ओवरबर्डन में भी हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है। वेकोलि ने इसी अवधि में 53.76 मिलियन टन कोयला प्रेषण तथा 286.82मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन निष्कासन किया है। यहाँ से हमारा संकल्प दृढ़ और परिश्रम अविराम होना चाहिए। हमें इस वर्ष के 69 मिलियन टन के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल करना है - और हम कर लेंगे, मुझे पूरा विश्वास है।

कोयला खनन में सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिशा में हमने कई सकारात्मक पहल किएहै। वेकोलि की सभी संचालित खदानों के लिए सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान तैयार किए गए है। सभी संचालित खदानों का सुरक्षा ऑडिट कर लिया गया है। सुरक्षा के प्रयासों की सराहना अब हर स्तर पर हो रही है। वर्ष 2022-23 के लिए हमारी 3 खदानों को 5 स्टार तथा 25 खदानों को 4 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए, वेकोलि की 4 खदानों को Mine Safety Award 2024 में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त हुए। कोल इंडिया लिमिटेड के स्थापना दिवस पर वेकोलि को Corporate Award on Safety (प्रथम पुरस्कार) से सम्मानित किया गया।

सुरक्षा एवं उत्पादकता की वृद्धि के लिए समयानुसार तकनीकी उन्नयन आवश्यक हैं। ब्लास्ट फ्री खनन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, वर्तमान में, वेकोलि में 06 सरफेस माइनर एवं 03 कन्टिन्यूअस माइनर कार्यरत है। जल्द ही 4 और सरफेस माइनर तथा योजनाबद्ध अंतराल में 22 कन्टिन्यूअस माइनर लगाया जाना प्रस्तावित है।

पर्यावरण संरक्षण के साथ ही कोयला प्रेषण की प्रक्रिया में गति लाने की दृष्टि से उमरेड क्षेत्र के मकरधोकड़ा - III एवं वणी क्षेत्र की मुंगोली खदान में फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का कार्य प्रगति पर है। बल्लारपुर क्षेत्र की सास्ती खदान में भी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से कार्य में निश्चित ही दक्षता बढ़ेगी। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि इस वित्तीय वर्ष में मकरधोकड़ा -III फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी को हम कमिशन करके प्रेषण की दिशा में एक नए अध्याय की शुरुआत करेंगे।

भविष्य का सुनियोजन किसी भी कंपनी के दीर्घकालिक प्रगति के लिए आवश्यक है। मुझे आपसे साझा करते हुए संतोष है कि इस वित्तीय वर्ष में हमने 15.685 मिलियन टन क्षमता की 4 परियोजनाएँ, मुंगोली निर्गुडा एक्सटेंशन, कोलारपिंपरी एक्सपांशन, बोर्डा यूजी तथा गोंड़ेगांव घट्रोहाना डीप खुली खदान, स्वीकृत की है। इन योजनाओं पर कुल 4626.52 करोड़ की लागत अनुमानित है। भविष्य में यश सुनिश्चित हो इस उद्देश्य से, उपलब्ध संसाधन को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2035 तक 70 MT प्रति वर्ष कोयला उत्पादन की योजना, हमने तैयार की है। Business Diversification हमारे लिए एक आवश्यक विषय है। इसके तहत हमने Solar Initiative, Pump Storage Hydro Power तथा कोल गैसीफिकेशन के क्षेत्र में सकारात्मक कदम आगे बढ़ाए है।

खदानों की निगरानी खनन कार्य में महत्वपूर्ण है। यह कार्य वेकोलि मुख्यालय में स्थापित Integrated Command & Control Centre द्वारा 500 एकीकृत कैमरों की मदद से 24X7 किया जा रहा है। वेकोलि,कोल इंडिया लिमिटेड की पहली कंपनी है जिसने ICCC जैसी अभिनवपहल की है। सीआईएल की अन्य कंपनियाँ भी इस यशस्वी पहल को दोहरा रही है। ICCC के साथ ही, सभी खुली खदानों में ड्रोन द्वारा भी निगरानी की जा रही है।

आपातकालीन स्थिति में रेस्क्यू की भूमिका अहम होती है। हमारी रेस्क्यू टीमें ऐसी किसी भी स्थिति को सँभालने के लिए सक्षम है। हर्ष की बात है कि सितंबर, 2024 में, कोलंबिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खान बचाव प्रतियोगिता-2024 में वेकोलि की टीम ने समग्र रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। हाल ही में संपन्न All India Mines Rescue Competition में वेकोलि की रेस्क्यू टीम ने सर्वाधिक 11 पुरस्कार जीते। अच्छी बात यह भी है कि वेकोलि सीआईएल की पहली कंपनी है जिसके पास महिला रेस्क्यू टीम है।

खदानों से सारा कोयला निकालने के पश्चात आवश्यक है कि हम उसे अच्छी स्थिति में इस प्रकृति को सौंप दे। इसके लिए Mine Closure Plan के सभी प्रावधानों का अनुपालन आवश्यक है। आप से साझा करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि हमने तीन भूमिगत खदानें-PK 1, PK 2 और Satpuda 2 को प्रावधानों के पूर्ण अनुसरण के साथ बंद किया है। गर्व की बात है कि WCL ऐसा करने वाली **कोल इंडिया की पहली कंपनी है।**

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वेकोलि ने कई महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए है। हमने मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के साथ 5 वर्षों के लिए वृक्षारोपन एवं संवर्धन के लिए एमओयू किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 5,34,000 पौधों का रोपण किया है। वेकोलि में CAAQMS के माध्यम से हवा की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उमरेड खुली खदान के लिए 4.9 MTPA तथा मुंगोली निर्गुडा एक्सटेंशन डीप खुली खदान के लिए 5.25 MTPA की पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। वेकोलि का कोयला मंत्रालय के 'वृक्षारोपण अभियान 2024', 'नीम वृक्षारोपण' एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' में महत्वपूर्ण सहभाग रहा। इसके अंतर्गत वृहद मात्रा में पौधों का वितरण किया गया। इन सभी प्रयासों का ही प्रतिफल है कि सीआयएल स्थापना दिवस पर वेकोलि को 'Corporate Award on Environment Management (2nd Prize)' प्राप्त हुआ।

हमारा सतत प्रयास रहता है कि हमारे कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध हो। हमने नवंबर 2024 में वणी नॉर्थ क्षेत्र में नए अस्पताल की शुरुआत की। इसके साथ ही अब, 11 अस्पताल और 26 डिस्पेंसरी के माध्यम से हमारे कर्मियों एवं उनके परिजनों को अच्छी चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त है।

बेहतर कार्य निष्पादन के लिए कर्मियों का समुचित प्रशिक्षण आवश्यक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह दिसंबर तक हमारे प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल 17845 प्रतिभागियों को विभिन्न स्किल-सेट में प्रशिक्षित किया गया। 'I GOT KARMAYOGI' पोर्टल पर वेकोलि के कुल 10629 कर्मियों ने पंजीयन किया है, जिन्होंने अब तक इस पोर्टल पर कुल 26,556 कोर्सेज पूर्ण किए है।